

# सप्तदश बिहार विधान सभा

## द्वितीय सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या-05 वृहस्पतिवार, दिनांक-25 फरवरी, 2021 ई० ।

**माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।**

**समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.34 बजे अपराह्न तक ।**

**[1] अन्य चर्चा :-**

सभा की कार्यवाही प्रारंभ होते ही माननीय सदस्य श्री महबूब आलम द्वारा कल सदन में ध्यानाकर्षण सूचना के समय हुई घटना को पुन: उठाया गया ।

आसन द्वारा कहा गया कि इस विषय पर विस्तार से चर्चा हो चुकी है, अब आप सभी सदस्य प्रश्न काल को चलने दीजिए । सभी माननीय सदस्यों के द्वारा जो मेहनत की जाती है और बिहार की जनता की जो अपेक्षा है उसकी जिम्मेवारी हम सभी सदस्यों पर है । उन सभी सदस्यों को अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन करना चाहिए । साथ ही नए सदस्यों को शालीनता के साथ काम करने के लिए बधाई दिया एवं सदन को चलाने में सहयोग देने का अनुरोध किया गया ।

माननीय ससंदीय कार्य मंत्री, श्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि सदन का जो सम्मान है और अलग-अलग हम सभी जो विधायक हैं, हम सब का मान बाराबर है और सब जनता का आदेश लेकर ही यहां पहुंचते हैं और जनता के प्रतिनिधि होने के नाते किसी भी माननीय सदस्य के अपमान करने की मंशा सरकार की न है और न कभी भविष्य में होगी, यह हम सदन को इस बात से आश्वस्त करना चाहते हैं । हमलोग सरकार की तरफ से सभी माननीय सदस्यों से आग्रह करते हैं कि सदन की कार्यवाही सुव्यवस्थित चलाने में सहयोग करें ।

तत्पश्चात् आसन द्वारा एक पंक्ति पढ़ी गई ''सबसे रश्मों राह रखिये, दिल में बुलंदियों की चाह रखिये, भटक न जाइये जनहित के मुद्दों से, इसलिए खुद पर निग़ाह रखिये । तत्पश्चात सदन में शांति कायम हुई ।

**[2] प्रश्नकाल :-**

(i) 03 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 02 अल्पसूचित प्रश्न अनागत ।

(iii) 07 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iv) 01 तारांकित प्रश्न संख्या-321 पंचायती राज विभाग में स्थानांतरित । ।

(v) 102 तारांकित प्रश्न अनागत ।

तारांकित प्रश्न संख्या-326 के निस्तारण के दौरान आसन द्वारा माननीय मंत्री को प्रश्न से संबंधित विषय की जांच कराने का निदेश दिया गया ।

[3] **आसन से सूचना :-**

प्रश्नकाल की समाप्ति के उपरांत आसन द्वारा सदन को सूचित किया गया कि 'कल दिनांक-24 फरवरी, 2021 को सभा सचिवालय के कर्मी द्वारा मॉउंट ब्लैक कम्पनी निर्मित एक कलम अध्यक्षीय कार्यालय को प्राप्त हुआ है जो कार्यालय में रक्षित है । जिन माननीय सदस्यों का वह कलम हो, वे अध्यक्षीय कार्यालय में आकर प्राप्त कर लेंगे ।

[4] **शून्यकाल :-**

शून्यकाल की सूचना के अन्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया :-

(i) श्री विद्या सागर केशरी
(ii) श्री ऋषि कुमार
(iii) श्री समीर कुमार महासेठ
(iv) श्री मिथिलेश कुमार
(v) श्री विजय कुमार खेमका
(vi) श्री संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी
(vii) श्री विजय कुमार मंडल
(viii) श्री आनंद शंकर सिंह
(ix) श्री चेतन आनन्द
(x) श्री मुकेश कुमार यादव
(xi) श्री पवन कुमार जायसवाल
(xii) श्री पवन कुमार यादव
(xiii) श्री रामबली सिंह यादव
(xiv) श्री सुदामा प्रसाद
(xv) श्री शमीम अहमद
(xvi) श्री अरूण सिंह
(xvii) श्री अरूण शंकर प्रसाद
(xviii) श्री कुमार शैलेन्द्र
(xix) श्री अजय कुमार
(xx) श्री कृष्णनंदन पासवान
(xxi) श्री प्रकाश यादव
(xxii) श्री संजय सरावगी
(xxiii) डा० सी०एन० गुप्ता
(xxiv) श्री सुधाकर सिंह
(xxv) श्रीमती प्रतिमा कुमारी
(xxvi) श्री अजय कुमार सिंह

[5] **आसन का निदेश :-**

शून्यकाल के संबंध में आसन से कहा गया कि शून्यकाल में तात्कालिक लोकहित के विषय को ही प्राथमिकता दी जाए ताकि जरूरत पड़ने पर माननीय मंत्रिगण उसे गंभीरता से ले सके ।

तदोपरान्त माननीय सदस्य श्री महबूब आलम द्वारा कल दिनांक-24.02.2021 को मिडिया से बात करने के समय पुलिस कर्मी द्वारा किए गए दुर्व्यवहार का मामला उठाया गया जिसकी निन्दा नेता विरोधी दल द्वारा की गयी ।

आसन द्वारा इसका संज्ञान लेते हुए कहा गया कि जनप्रतिनिधियों को सम्मान देने का मैं निर्देश दे दिया हूँ । आपको जानकारी हो कि माननीय सदस्य लाखों लोगों के विश्वास को जीत कर आते हैं, इनके आचरण और व्यवहार से बिहार का और क्षेत्र का परिचय होता है । सदन की गरिमा बढ़ती है और लोकतंत्र के मंदिर की पवित्रता बरकरार होती है । हम सबको जो दिशा-निर्देश और जो नियम बनाया गया है और तय किया गया है, उसका पालन हम सब करेंगे । उसके बाद उस नियम के विरूद्ध कोई बाधक बनेगें तो उस पर विशेषाधिकार हनन के तहत कार्रवाई करेंगे ।

**[6] ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-**

(i) माननीय सदस्य श्री शंम्भू नाथ यादव एवं अन्य सभासदों का पथ निर्माण विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य श्री शंम्भू नाथ यादव द्वारा पढ़ा गया एवं माननीय प्रभारी मंत्री, पथ निर्माण विभाग, श्री नीतिन नवीन द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य श्री पवन कुमार जायसवाल एवं अन्य सभासदों का पंचायती राज विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री पवन कुमार जायसवाल द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय मंत्री, पंचायती राज विभाग, श्री सम्राट चौधरी द्वारा इसके उत्तर के लिए सदन से समय लिया गया ।

**[7] सभा मेज पर कागजात का रखा जाना :-**

1. माननीय प्रभारी मंत्री, निर्वाचन विभाग श्री श्रवण कुमार द्वारा बिहार निर्वाचन सेवा नियमावली, 2006; बिहार निर्वाचन सेवा (संशोधन) नियमावली, 2012; बिहार निर्वाचन सेवा (संशोधन) नियमावली, 2013 एवं बिहार निर्वाचन सेवा (संशोधन) नियमावली, 2014 की एक-एक प्रति का सभा मेज पर रखा गया ।
2. माननीय प्रभारी मंत्री, शिक्षा विभाग, श्री श्रवण कुमार द्वारा बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड के क्रमशः वर्ष 2013-14, 2014-15, 2015-16 एवं 2016-17 के वार्षिक प्रतिवेदनों की एक-एक प्रति को सभा मेज पर रखा गया ।
3. माननीय प्रभारी मंत्री, ऊर्जा विभाग, श्री श्रवण कुमार द्वारा बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कम्पनी लिमिटेड के क्रमशः वर्ष 2012-13 एवं 2013-14 के वार्षिक प्रतिवेदनों की एक-एक प्रति को सभा मेज पर रखा गया ।
4. माननीय मंत्री, पथ निर्माण विभाग, श्री नीतिन नवीन द्वारा बिहार राज्य पथ विकास निगम के क्रमशः वर्ष 2016-17 एवं 2017-18 तथा बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के क्रमशः वर्ष 2015-16 एवं 2016-17 के वार्षिक प्रतिवेदनों की एक-एक प्रति को सभा मेज पर रखा गया ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

**भोजनावकाश के बाद**

(02.00 बजे अपराह्न से 04.30 बजे अपराह्न तक)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

**[8] वित्तीय कार्य :-**

वित्तीय वर्ष 2021-22 के आय व्ययक पर सामान्य विमर्श में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री तेजस्वी प्रसाद यादव,
(ii) श्री अरूण शंकर प्रसाद
(iii) श्री राजेश कुमार
(iv) श्री मनोज मंजिल
(v) श्री अखतरूल ईमान
(vi) श्रीमती ज्योति देवी
(vii) श्रीमती स्वर्णा सिंह
(viii) डॉ० सत्येन्द्र यादव

(ix) श्री सुर्यकांत पासवान

(x) श्री हरिभूषण ठाकुर

आसन द्वारा सदन की सहमति से कार्यक्रम की समाप्ति तक सदन की अवधि का विस्तार किया गया ।

(xi) श्री रत्नेश सादा

(xii) श्री सुर्यकांत पासवान

(xii) श्री राजकुमार सिंह

तत्पश्चात् माननीय उप मुख्यमंत्री सह प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग, श्री तारकिशोर प्रसाद द्वारा वित्तीय वर्ष-2021-22 के आय-व्ययक पर सामान्य विमर्श के उपरांत सरकार का उत्तर प्रस्तुत किया गया ।

सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर विपक्ष के माननीय सदस्यगण शोरगुल करते हुए वेल में आ गए ।

**[9] निवेदन :-**

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 51 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिये जायेंगे ।

तदुपरान्त् सभा की बैठक शुक्रवार, दिनांक-26 फरवरी, 2021 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-25.02.2021

राज कुमार सिंह
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।